# पंजाब ने दिल्ली को दिया 211 का लक्ष्य

## प्रियांश और श्रेयस के अर्धशतक से पंजाब मजबूत स्थिति में पहुंचा

### 33 गेंदों में प्रियांश ने बनाए 56 रन



**धर्मशाला, 11 मई. आईपीएल 2026 के 55वें मुकाबले में पंजाब किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स के सामने 211 रनों का विशाल लक्ष्य रखा. धर्मशाला में खेले जा रहे इस मुकाबले में पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 210 रन बनाए. पंजाब की ओर से प्रियांश आर्या और कप्तान श्रेयस अय्यर ने शानदार अर्धशतकीय पारियां खेलीं, जबकि कूपर कोनोली ने भी तेजतर्रार बल्लेबाजी कर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई.**

दिल्ली के गेंदबाज शुरुआती विकेट लेने के बावजूद पंजाब के बल्लेबाजों पर पूरी तरह अंकुश नहीं लगा सके.

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब किंग्स की शुरुआत काफी आक्रामक रही. प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्या ने पहले विकेट के लिए तेज साझेदारी की और पावरप्ले में दिल्ली के गेंदबाजों पर दबाव बना दिया. प्रभसिमरन 18 रन बनाकर मुकेश कुमार का शिकार बने, लेकिन इसके बाद प्रियांश आर्या ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी जारी रखी. उन्होंने सिर्फ 24 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया. प्रियांश ने 33 गेंदों में 56 रन की पारी खेली, जिसमें कई आकर्षक चौके और छक्के शामिल रहे. उन्हें माधव तिवारी ने साहिल परख के हाथों कैच कराया.

इसके बाद कप्तान श्रेयस अय्यर ने पारी को संभालते हुए तेजी से रन बटोरे. उन्होंने कूपर कोनोली के साथ महत्वपूर्ण साझेदारी निभाई. दोनों बल्लेबाजों ने दिल्ली के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया और रनगति लगातार बढ़ाते रहे. श्रेयस ने 33 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और कप्तानी पारी खेलते हुए टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया. वहीं, कूपर कोनोली ने 27 गेंदों में 38 रन बनाकर अहम योगदान दिया. अंतिम ओवरों में मार्कस स्टोइनिस और निचले क्रम के बल्लेबाजों ने तेजी से रन जोड़कर पंजाब का स्कोर 200 के पार पहुंचा दिया. दिल्ली की ओर से मिचेल स्टार्क और माधव तिवारी ने दो-दो विकेट हासिल किए, जबकि मुकेश कुमार को एक सफलता मिली.

### कौन-सी टीम किस स्थान पर

| क्र. | टीम | मैच | जीत | हार | नतीजा नहीं | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आरसीबी | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | +1.234 |
| 2. | हैदराबाद | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | +0.737 |
| 3. | जीटी | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | +0.228 |
| 4. | पीबीकेएस | 10 | 6 | 3 | 1 | 13 | +0.571 |
| 5. | सीएसके | 11 | 6 | 5 | 0 | 12 | -0.151 |
| 6. | आरआर | 11 | 6 | 5 | 0 | 12 | +0.082 |
| 7. | केकेआर | 10 | 4 | 5 | 1 | 9 | -0.169 |

### स्कोर बोर्ड

| पंजाब बल्लेबाजी खिलाड़ी | रन | गेंद | चौके | छक्के |
|---|---|---|---|---|
| प्रियांश आर्या | 56 | 33 | 2 | 6 |
| प्रभसिमरन सिंह | 18 | 15 | 3 | 0 |
| श्रेयस अय्यर* | 59 | 36 | 5 | 3 |
| कूपर कोन्नोल्ली | 38 | 27 | 3 | 2 |
| मार्कस स्टोइनिस | 1 | 2 | 0 | 0 |
| शशांक सिंह | 0 | 1 | 0 | 0 |
| सूर्यांश शेड़गे* | 21 | 8 | 2 | 2 |

**अतिरिक्त** 17, **कुल** 20 ओवर में 210/5

**दिल्ली गेंदबाजी**- मिचेल स्टार्क-4-0-57-2, आकिब नबी-4- 0-32-0, लुंगी एनगिडी 4-0-46-0, मुकेश कुमार, -4-0-31-1, माधव तिवारी 4-0-40-2

| दिल्ली बल्लेबाजी खिलाड़ी | रन | गेंद | चौके | छक्के |
|---|---|---|---|---|
| लोकेश राहुल* | 5 | 5 | 1 | 0 |
| अभिषेक पोरेल | 5 | 6 | 1 | 0 |
| साहिल पारख* | 0 | 0 | 0 | 0 |



# भारत वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर

- भारत शीर्ष पर बरकरार 7 न्यूजीलैंड दूसरे स्थान पर 7 ऑस्ट्रेलिया तीसरे पायदान पर

**दुबई, 11 मई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा जारी नवीनतम वार्षिक एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भारतीय क्रिकेट टीम ने अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है. हालांकि, इस बार भारत की बढ़त में हल्की गिरावट दर्ज की गई है, जिससे शीर्ष स्थान की प्रतिस्पर्धा और अधिक कड़ी हो गई है.**

ताजा रैंकिंग के अनुसार भारत की रेटिंग अब 119 से घटकर 118 हो गई है, लेकिन इसके बावजूद टीम पहले स्थान पर बनी हुई है. दूसरी ओर न्यूजीलैंड ने दो अंकों की बढ़त हासिल की है और अब 113 रेटिंग के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया है. इस बदलाव के चलते शीर्ष दो टीमों के बीच का अंतर आठ से घटकर केवल पांच अंक रह गया है, जिससे भविष्य में रैंकिंग में बदलाव की संभावना और बढ़ गई है. मौजूदा विश्व कप विजेता ऑस्ट्रेलिया 109 रेटिंग के साथ तीसरे स्थान पर कायम है. वहीं शीर्ष दस टीमों में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिला है, जहां दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को पीछे छोड़ते हुए चौथा स्थान हासिल कर लिया है.

दक्षिण अफ्रीका के 102 अंक हैं, जबकि पाकिस्तान 98 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर खिसक गया है. अन्य टीमों की रैंकिंग में भी हलचल देखने को मिली है. आयरलैंड ने जिम्बाब्वे को पीछे छोड़ते हुए 11वां स्थान हासिल किया है.


## एक नजर में

### महिला टी-20 विश्व कप के लिए टीम की घोषणा की



**एडिनबर्ग, 11 मई** स्कॉटलैंड ने आगामी आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2026 के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर है. स्कॉटलैंड का यह दूसरा विश्वकप है. अनुभवी ऑल-राउंडर कैथरीन ब्राइस स्कॉटलैंड को लगातार दूसरी बार टी-20 विश्व कप में टीम की अगुवाई करेंगी. स्कॉटलैंड ने आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप ग्लोबल क्वालिफायर के जरिए इंग्लैंड में होने वाले आने वाले टूर्नामेंट में जगह बनाई, जहां वे ग्रुप बी में साथी यूरोपियन टीम, नीदरलैंड्स के बाद दूसरे नंबर पर रहकर सुपर सिक्स में पहुंचे. बंगलादेश से हारने के बावजूद, स्कॉटलैंड सुपर सिक्स में आयरलैंड और अमेरिका पर अहम जीत हासिल करने में कामयाब रहा, और ग्लोबल क्वालिफ़ायर में तीसरे नंबर पर रहा, इस तरह महिला टी-20 विश्व कप के लिए अपनी जगह पक्की कर ली. महिला टी-20 विश्व कप के लिए स्कॉटलैंड टीम इस प्रकार है: कैथरीन ब्राइस (कप्तान), क्लो एबेल, ओलिविया बेल, सारा ब्राइस, डार्सी कार्टर, प्रियनाज़ चटर्जी, गैब्रिएला फोंटेनला, कैथरीन फ्रेज़र, कर्स्टी गॉर्डन, ऐल्सा लिस्टर, मैसी मैसेरा, अबताहा मकसूद, मेगन मैककॉल, रेचल स्लेटर और पिप्पा स्प्राउल.

### शमी के साथ उतरेगी सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स




**कोलकाता (पश्चिम बंगाल).** हाल ही में हुई बंगाल टी20 लीग पुरुष नीलामी में सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स ने कई अहम खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल किया है, जिसमें भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी सबसे बड़ा नाम रहे, इसके अलावा आलराउंडर करण लाल को भी टीम ने अपने साथ जोड़ा है. आगामी सीजन से पहले घरेलू क्रिकेट के कई प्रमुख खिलाड़ियों के लिए फ्रेंचाइजियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली. इसी क्रम में सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स ने भी अनुभव, घरेलू प्रदर्शन और उभरती प्रतिभाओं का संतुलित मिश्रण तैयार करते हुए अपनी टीम को अंतिम रूप दिया. सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स की खरीद में सबसे चर्चित नाम भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का रहा, जिन्हें 5.20 लाख रुपये में टीम में शामिल किया गया. वहीं बंगाल के तेज गेंदबाज ईशान पोरेल को 2.50 लाख रुपये में खरीदा गया. फ्रेंचाइजी ने करण लाल के लिए भी जोरदार बोली लगाते हुए उन्हें 8 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा, जिससे वह बंगाल टी20 लीग पुरुष नीलामी के शीर्ष 10 सबसे महंगे खिलाड़ियों में शामिल रहे. नीलामी को लेकर सर्वोटेक स्पोर्ट्स के डायरेक्टर ऋषभ भाटिया ने कहा कि, 'हम सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स के लिए नीलामी के परिणाम से बेहद संतुष्ट हैं. हमारा उद्देश्य ऐसी मजबूत और संतुलित टीम बनाना था, जिसमें अनुभव और युवा प्रतिभा का सही मिश्रण हो. मोहम्मद शमी, करण लाल और ईशान पोरेल जैसे खिलाड़ियों के जुड़ने से हमारी टीम को काफी मजबूती और गहराई मिली है.' टीम की रणनीति पर बात करते हुए सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स के रणनीतिकार चैतन्य नंदा ने कहा, 'हम नीलामी में स्पष्ट रणनीति के साथ उतरे थे और ऐसे खिलाड़ियों पर ध्यान दिया जो टूर्नामेंट की हर परिस्थिति के हिसाब से सटीक बैठ सकें. हम ऐसी टीम बनाना चाहते थे, जिसमें बहुमुखी प्रतिभा और मैच जिताने की क्षमता हो.

### वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत का अभियान समाप्त



**गीजा (मिस्र),** 11 मई वीर चोटरानी के दूसरे राउंड में दुनिया के नंबर वन मुस्तफा असल खिलाफ हार के साथ वर्ल्ड स्क्वैश चैंपियनशिप 2026 में भारत की चुनौती समाप्त हो गई. पुरुषों की स्क्वैश रैंकिंग में 45वें नंबर पर मौजूद वीर चोटरानी, रविवार को पाम हिल्स क्लब और पीजीसी गोल्फ सेंट्रल मॉल में लोकल फेवरेट और डिफेंडिंग चैंपियन मुस्तफा असल से 3-0 (11-5, 11-2, 11-4) से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए. गीज़ा में खेल रहे चार भारतीय स्क्वैश खिलाड़ियों में से 24 साल के चोटरानी अकेले ऐसे खिलाड़ी थे जो दूसरे राउंड में पहुंच पाए. वीर चोटरानी ने शुरुआती राउंड में अपने ही देश के और भारत के टॉप रैंक वाले खिलाड़ी अभय सिंह को 3-2 से हराकर आगे बढ़े. इस बीच, वेलावन सेंथिलकुमार और रमित टंडन पहले ही राउंड में बाहर हो गए. वर्ल्ड नंबर 50 वेलावन सेंथिलकुमार फ्रांस के छठे सीड और अभी के वर्ल्ड नंबर 5 विक्टर क्रूइन से 3-0 से हार गए. दूसरी तरफ, 40वीं रैंक वाले रमित टंडन मिस्र के करीम एल टॉर्की से 3-1 से हार गए – जो उनसे 19 रैंक बेहतर खिलाड़ी हैं. पिछले साल शिकागो में हुई वर्ल्ड चैंपियनशिप में भी भारत का कैंपेन दूसरे राउंड में ही खत्म हो गया था. अनाहत सिंह, वीर चोटरानी, अभय सिंह और रमित टंडन सभी कॉम्पिटिटिव हार के बाद बाहर हो गए थे. वेलावन सेंथिलकुमार शुरुआती राउंड में ही बाहर हो गए थे.

# बंगलादेश क्रिकेट की हाई परफॉर्मेंस यूनिट में शामिल हो सकते है रज्जाक



**ढाका, 11 मई पूर्व स्पिनर अब्दुर रज्जाक ने सोमवार को कहा कि वह जून से बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड की हाई परफॉर्मेंस यूनिट में शामिल हो सकते हैं. रज्जाक अमीनुल इस्लाम की अगुवाई वाले पूर्व बोर्ड का हिस्सा थे, जिसे हाल ही में भंग कर दिया गया था.**

रज्जाक ने सोमवार को क्रिकबज को यह जानकारी देते हुए कहा, 'हां, हमने चर्चा की और मेरे जून में शामिल होने की उम्मीद है. बीसीबी एचपी यूनिट को रीस्ट्रक्चर करने की योजना बना रहा है और इसके परिणामस्वरूप नेशनल सीनियर असिस्टेंट कोच मोहम्मद सलाहुद्दीन को एसपी के प्रमुख के रूप में ट्रांसफर कर दिया गया है, जिनके पाकिस्तान के खिलाफ चल रही सीरीज के बाद पदभार संभालने की उम्मीद है.' रज्जाक ने, बीसीबी डायरेक्टर के रूप में अपने समय के दौरान बताया था कि वह कोचिंग में कदम रखना चाहते थे. उन्होंने बोर्ड में डायरेक्टर के रूप में शामिल होने से पहले नेशनल सिलेक्शन पैनल के सदस्य के रूप में काम किया था. रज्जाक ने जनवरी 2026 में लेवल 3 कोचिंग सर्टिफिकेट हासिल किया ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वह कोच की भूमिका के लिए पूरी तरह से तैयार हैं.



### सात्विक-चिराग थाईलैंड ओपन में पेश करेंगे भारतीय चुनौती

**बैंकॉक.** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी मंगलवार से निमिबुत्र स्टेडियम में शुरू होने वाले थाईलैंड ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती पेश करेंगे। मौजूदा एशियन गेम्स चैंपियन सात्विक-चिराग, जो पुरुषों की युगल बैडमिंटन रैंकिंग में चौथे स्थान पर हैं, की थाईलैंड ओपन से अच्छी यादें जुड़ी हैं, उन्होंने 2019 और 2024 में दो बार बीडब्ल्युएफ सुपर 500 टूर्नामेंट जीता है.

# ऑस्ट्रेलिया की आगामी दौरे के लिए टीम तैयार



**सिडनी, 11 मई ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान और बंगलादेश के आगामी दौरे के लिए अपनी सफेद गेंद टीम का ऐलान कर दिया है. टेस्ट सीरीज की तैयारी के मद्देनजर टीम से अनुभवी तेज गेंदबाज पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और जॉश हेजलवुड को बाहर रखा गया है.**

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने हाल ही में आईसीसी पुरुष अंडर 19 क्रिकेट वर्ल्ड कप अभियान के कप्तान ओली पीक और अनकैप्ड ऑलराउंडर लियाम स्कॉट को पाकिस्तान के खिलाफ 30 मई से शुरू होने वाले तीन मैचों के लिए टीम में बुलाया है. साथ ही

युवा बल्लेबाज जोएल डेविस को भी जून में बंगलादेश के खिलाफ टी-20 के लिए टीम में शामिल किया गया है पेस जोड़ी रिले मेरेडिथ और बिली स्टैनलेक उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें दौरे के पाकिस्तान चरण के लिए टीम में शामिल किया गया है. चयनकर्ता जॉर्ज बेली का मानना है कि कुछ खास खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी से ऑस्ट्रेलियाई स्टार्स की अगली पीढ़ी को मौके मिलेंगे.

बेली ने कहा, 'नए खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने और नेशनल टीम का हिस्सा बनने का मौका मिलना हमेशा रोमांचक होता है.अनुभवी खिलाड़ियों के साथ नए या वापस आए खिलाड़ियों का मेल इन सब-कॉन्टिनेंट टूर के लिए एक अच्छा मिक्स देगा. खिलाड़ियों को अलग-अलग तरह के हालात और अनुभवों में आगे बढ़ने के मौके देते रहना जरूरी है और अगले 18 महीने से दो साल तक पूरे कैलेंडर में और भविष्य के कैंपेन को ध्यान में रखते हुए इस पर फोकस रहेगा. 'अगले साल होने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप की तैयारी के लिए मिचेल मार्श पाकिस्तान और बंगलादेश के खिलाफ सभी सफेद गेंद मैचों में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि डेविस को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहली बार टीम में शामिल किया गया है, इसलिए टी-20 टीम में अनुभवी ऑल-राउंडर ग्लेन मैक्सवेल के लिए कोई जगह नहीं है.



### एलेक्जेंड्रा एला इटैलियन ओपन के तीसरे राउंड में एलेना रायबाकिना से हारी

**रोम.** कजाकिस्तान की एलेना रायबाकिना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फिलिपींस की एलेक्जेंड्रा एला को हराकर इटेलियन ओपन के अगले दौर में जगह बना ली है। वर्ल्ड नंबर दो एलेना रायबाकिना ,जिन्होंने जनवरी में आर्यना सबालेंका को हराकर अपना पहला ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीता था, ने बीएनपी परिबास एरिना में पहला सेट 6-4 से जीता और रविवार को अपनी पहली डब्ल्यूटीए टूर में तीसरे दौर के मुकाबले में सीधे सेटों में 6-4, 6-3 से जीत पक्की की.




# बार्सिलोना ने जीता दूसरा ला लीगा का खिताब

**मैड्रिड, 11 मई फुटबॉल क्लब बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड को 2-0 से हराकर ला लीगा चैंपियन 2025-26 का खिताब अपने नाम किया. यह बार्सिलोना का लगातार दूसरा खिताब है**

मार्कस रैशफोर्ड ने नौवें मिनट में एक जबरदस्त फ्री किक से स्कोरिंग शुरू की, और फेरान टोरेस ने रविवार को फर्मिन लोपेज़ और डैनी ओल्मो के शानदार मूव के बाद 18वें मिनट में बढ़त को दोगुना कर दिया. रियल मैड्रिड कभी भी गेम में वापसी करता हुआ नहीं दिखा, और बार्सिलोना दूसरे हाफ में मैच को कंट्रोल करने में कामयाब रहा. यह बार्सिलोना का 29वां ला लीगा खिताब है.

गोलकीपर थिबॉट कोर्टुआ ने आखिरी पलों में रॉबर्ट लेवांडोव्स्की और राफिन्हा के अच्छे बचाव किए.

# अश्लील भाषा का इस्तेमाल : आरसीबी के कोच एंडी फ्लावर पर लगा जुर्माना



**रायपुर, 11 मई रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर पर रविवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान आचार संहिता लेवल वन 'अश्लील भाषा' के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है.**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने कहा कि फ्लावर ने कोड ऑफ़ कंडक्ट के आर्टिकल 2.3 को तोड़ा, जो 'मैच के दौरान सुनाई देने वाली गाली-गलौज के इस्तेमाल' से जुड़ा है. यह घटना आरसीबी के रन-चेज के 17.2वें ओवर में हुई जब फ्लावर की चौथे अंपायर के साथ तीखी बहस हुई.

यह विवाद क्रुणाल पांड्या से जुड़े एक विवादित बाउंड्री कॉल के बाद हुआ. ए एम गजनफर का सामना करते हुए, क्रुणाल ने गेंद को वाइड लॉन्ग-ऑन की ओर उछाला, जहाँ नमन धीर ने रस्सियों के पास कैच लिया और बाउंड्री लाइन पार करते हुए तिलक वर्मा की ओर पैरी किया. तिलक ने कैच पूरा नहीं किया और ऐसा लगा कि उन्होंने छक्के का इशारा किया, शायद नमन ने गलती से एक बूट को दूसरे से टकराकर बाउंड्री कुशन से कॉन्टैक्ट कर लिया. लेकिन, रिप्ले में दिखा कि धीर ने कोशिश के दौरान कुशन को नहीं छुआ था.

## आईपीएल ▶ क्लासेन की अगुवाई वाली एसआरएच की पावर का सामना गिल की मजबूत जीटी से आज

# गिल की जीटी से भिड़ेगी क्लासेन की एसआरएच




**अहमदाबाद, 11 मई विस्फोटक बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन अगुवाई वाली सनराइजर्स हैदराबाद की पावर का सामना शुभमन गिल की अगुवाई वाली गुजरात टाइटंस से मंगलवार को होगा. दोनों टीमों की सबसे बड़ी ताकत और सबसे बड़ा रिस्क उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए जानी जाती है जोकि आईपीएल 2026 में सबसे खतरनाक लाइनअप में से एक रहा है.**

हेनरिक क्लासेन जैसे खिलाड़ी हैं, जिनकी मध्यवर्ती ओवरों में पावर-हिटिंग कुछ ही ओवरों में गेंदबाजी आक्रमण को खत्म कर सकती है, और अभिषेक शर्मा, जिन्होंने बार-बार धमाकेदार शुरुआत दी है जिससे बड़े स्कोर का माहौल बना है. उनके साथ, ट्रैविस हेड टॉप पर निडर इरादा लाते हैं, जबकि ईशान किशन मिडिल ऑर्डर में आक्रामक और स्थिरता का मिश्रण लाते हैं. अधिकतर मैदानों पर, यह कॉम्बिनेशन विरोधी गेंदबाजी आक्रमण को विफल करने के लिए काफी है. लेकिन अहमदाबाद ज़्यादातर ग्राउंड्स जैसा नहीं है.

नरेंद्र मोदी स्टेडियम में, सनराइजर्स हैदराबाद ने बार-बार खुद को एक ऐसे पैटर्न में फंसा हुआ पाया है जिसे वे आसानी से नहीं तोड़ सकते. बल्लेबाजी के लिए अच्छी जगह होने के बावजूद, गुजरात टाइटन्स की स्थिति, मैच रफ्तार और दबाव वाले पलों पर कंट्रोल हमेशा उनके पक्ष में रहा है. नंबर इसे साफ दिखाते हैं: गुजरात टाइटन्स का एसआरएच के खिलाफ 5-1 का हेड-टू-हेड रिकॉर्ड है, और एसआरएच को अहमदाबाद में मौकों को जीत में बदलने में हमेशा मुश्किल हुई है.

इस बार, गुजरात टाइटन्स इस विश्वास के साथ मुकाबले में उतर रही है जो सोचा हुआ नहीं बल्कि कमाया हुआ लगता है. शुभमन गिल की अगुवाई में, उन्होंने टॉप पर निरंतरता और बीच के ओवरों में अनुशासन के आस-पास अपना अभियान बनाया है. गिल का फॉर्म टीम के लिए एक पिलर रहा है, जिसे साई सुदर्शन के लगातार रन बनाने और जोस बटलर की ज़रूरत पडने् पर तेजी से रन बनाने की काबिलियत का सपोर्ट मिला है. टाइटन्स की बल्लेबाजी हमेशा धमाकेदार नहीं होती.

> गुजरात असल में अपने गेंदबाजी आक्रमण में खुद को अलग करती है. राशिद खान बीच के ओवरों में एक अहम ताकत बने हुए हैं, जो एक ही स्पेल में मोमेंटम बदलने में काबिल हैं. उनके साथ, कगिसो रबाडा नई गेंद से पेस और विकेट लेने का खतरा लाते हैं, जबकि मोहम्मद सिराज और जेसन होल्डर गहराई देते हैं जिससे जीटी कुछ पलों के बजाय फेज में आक्रमण कर पाती है. इस बैलेंस ने उन्हें मैच कंट्रोल करने में मदद की है, तब भी जब विरोधी टीम मज़बूत शुरुआत करती है. इस मुकाबले की कहानी केवल फॉर्म के बारे में नहीं है, बल्कि पहचान के बारे में है. सनराइजर्स हैदराबाद आधुनिक टी-20 में अपने पीक पर आक्रामकता दिखाता है.तेज स्कोरिंग, निडर इरादा और गेंदबाजो पर लगातार दबाव. गुजरात टाइटन्स कंट्रोल, कैलकुलेशन और उस दबाव को झेलने की क्षमता दिखाता है, फिर जवाबी हमला करता है.